हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट,भोपाल

प्रचार एवं जनसंपर्क विभाग

दिनांक: 02/03/2024

आज की समाचार कतरनें

S no.	Publication	Subject	Page no.
01	Raj Express	Corporate related news	02
02	Patrika	TAD related news	03

Publication Date-	02.03.2024	**Raj Express**
Page no.-	09	
Journalist-	Bhopal Bureau	

एलजीएक्स विभाग देखेंगे चन्द्रा और सीपीएक्स संभालेंगे अग्रवाल

भेल। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड भेल दिल्ली कॉरपोरेट ने उत्पादन के पीक पीरियेड में दो महत्वपूर्ण विभागों में फेरबदल किया है। कॉरपोरेट के आदेश के मुताबिक भेल भोपाल कारखाने में डब्ल्यूईएक्स और एमओडी का काम देख रहे महाप्रबंधक अविनाश चन्द्रा को अतिरिक्त प्रभार देते हुए एलजीक्स विभाग की कमान सौंप दी है। वहीं सीपीएक्स एंड एलजीएक्स का काम देख रहे महाप्रबंधक आरके अग्रवाल को सिर्फ-सीपीएक्स विभाग ही दिया है। खास बात यह है कि यह दोनों ही महाप्रबंधक ईडी एमएस रामनाथन को सिधा रिपोर्ट करेंगे।

Publication Date-	02.03.2024	**Patrika**
Page no.-	01	
Journalist-	Bhopal Bureau	

भेल प्रबंधन ने 25 साल पहले कराया था निर्माण, अब लगे हैं ताले

शहर का इकलौता ट्रैफिक पार्क देखरेख के अभाव में बदहाल

पत्रिका ZOOM रिपोर्टर
patrika.com

भेल. राजधानी के भेल इलाके में स्थित शहर का इकलौता ट्रैफिक पार्क देखरेख के आभाव में बदहाली का शिकार हो गया। इतना ही नहीं इसके संरक्षण और मरम्मत के लिए भी भेल प्रबंधन स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं की गई। स्थानीय जानकारों की मानें तो कभी यहां आने वाले आगंतुकों को सड़क यातायात नियमों की बकायदा जानकारी दी जाती थी।

जिससे आमलोंगों के बीच आसानी से यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार हो रहा था और जागरूक भी हो रहे थे,लेकिन पिछले चार-पांच सालों से अब यह पार्क पूरी तरह से जर्जर और जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। अब सिर्फ और सिर्फ उसके अवशेष ही पार्क के बदहाली की कहानी बयां कर रहे हैं। गौरतलब है कि भेल इलाके बरखेड़ा में आज से ठीक 25 साल पहले वर्ष 1999 में भेल प्रबंधन द्वारा यातायात पार्क की स्थापना की गई थी। हालांकि उस दौरान यातायात पार्क की चार और सहयोगी कंपनियां की भी भूमिका थी। अब सभी व्यवस्था ठप है।

पार्क में ऐसे किया जाता था जागरूक

स्थानीय जानकारों ने बताया कि शुरूआत में यातायात पार्क के अच्छे रिस्पांस मिल रहे थे क्योंकि पार्क में सूचनात्मक,आदेशात्मक और चेतावनी भरी जानकारी दी थीं। जिसमें सड़क में बने चिन्हों के माध्यम से बताया जाता था कि सड़क में पार्किंग,कार स्टैंड, प्राथमिक चिकित्सा केंद, अस्पताल, दूरभाष, रेलवे फाटक, ,संकरी, पुलिया, चौराहा, रेतघाट, बजरी वाली सड़क, मोड़, गतिसीमा, आदि सहित कई जानकारिया हैं।

पार्क में बनाए गए थे ट्रैफिक सिग्नल

यातायात पार्क के बदहाली को लेकर पत्रिका टीम ने पड़ताल की तो पता चला कि पार्क में बकायदा सड़क जैसे ही ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए थे साथ ही सड़क के जैसे ही ब्रेकर भी बनाए गए थे। जिससे आगंतुकों को यातायात का वास्तविक अनुभव हो सके। जिसके खराब सिग्नल के पोल अभी भी खड़े हुए है। पोल में रेड,ग्रीन और येलो सिग्नल लग हुए थे।

यातायात पार्क के रखरखाव का ध्यान दिया जा रहा था। नए वित्तीय वर्ष में भेल टाउनशिप के विकास के लिए बजट मिलने की संभावना है। जिसमें पार्क का सुधार होगा। **विनोवानंद झा,** प्रवक्ता,भेल भोपाल